## एक नजर में



### लाठी स्पर्धा में 12 खिलाड़ियों ने जीते पदक

**उज्जैन।** राजस्थान के अलवर जिले में 13 से 15 अक्टूबर तक आयोजित भारतीय परंपरागत लाठी खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें मध्यप्रदेश से 138 खिलाड़ियों ने सहभागिता कर चैंपियनशिप प्राप्त की। वहीं उज्जैन नगर के 12 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 10 स्वर्ण, 7 रजत, 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश लाठी टीम ने प्रतिभागिता करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने 67 स्वर्ण, 53 रजत और 78 कांस्य पदक कुल 198 पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संस्थापक अरविंद जोशी ने बताया कि भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों से चयनित खिलाड़ी ने एक लाठी चाल, दो लाठी चाल, लाठी वार एवं लाठी प्रहार जैसे इवेंट्स में भाग लिया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजपाल सिंह सिसोदिया प्रदेश प्रवक्ता भाजपा थे। विशेष अतिथि शिवप्रताप सिंह चौहान रहे। महागुरु लतादेवी मंडोरा, कोच लोकेंद्र सिंह, मैनेजर भूपेंद्र सिंह, महिला कोच निशा पंवार, राहुल दुबे, देवेंद्र पंवार भोपाल, विशाल सोलंकी, प्रीति जैन मंदसौर, अनामिशरण कुशवाह ग्वालियर का प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में विशेष योगदान रहा। पदक विजेता खिलाड़ियों में समरजित सिसौदिया ने 2 गोल्ड, सुनैना मीणा ने 2 गोल्ड, मीत पंवार 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, अनिरूध्द मीणा 2 गोल्ड, हनी बीदोरिया 1 गोल्ड, 1 ब्रांस, धार्मिक कदम 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, तनिष्का त्यागी 1 गोल्ड, 1 ब्रांस, वैदिक त्यागी 1 सिल्वर, कोमल पाटीदार 1 सिल्वर, चंचल पाटीदार 1 सिल्वर, संजीही जाट 1 सिल्वर, खुशी माली 1 सिल्वर पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर रेफरी कमीशन का गठन भी किया गया, जिसमें प्रमोद विश्वकर्मा (मध्य प्रदेश) को रेफरी कमिशन चेयरमैन, हरीश सिराधना (हरियाणा) को रेफरी कमिशन वाइस चेयरमैन तथा किशोर (मध्य प्रदेश) को रेफरी कमिशन सचिव चुना गया। उज्जैन पहुंचने पर टी एल एस ए मध्यप्रदेश के अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी मूंगड, उपाध्यक्ष संजयसिंह बेस, आनंद पंड्या, अभिलाष जैन, राजेश योहन, करुणा शितोले, पवन पंवार, पूजा चौहान, दिलीप चौहान ने उज्जैन लाठी टीम का भव्य स्वागत किया तथा विजेता खिलाड़ियों का सम्मान फूल-मालाओं और जयकारों के साथ किया।



### हेमा मालिनी के जन्म दिवस पर संगीत निशा

**उज्जैन।** ध्रुव तारा परिवार द्वारा ड्रीमगर्ल हेमा मालिनीजी के जन्मदिन पर कालिदास अकादमी में शानदार संगीत निशा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशांक दुबे फिल्म समीक्षक तथा विशेष अतिथि दिनेश दिग्गज, धीरज गोमे तथा महेश शर्मा, अनुराग, फिल्म इतिहास वेक्ता रहे। अध्यक्षता सुगनचन्द जैन ने की। संचालन ध्रुव तारा परिवार के संस्थापक मनोहर रांगी ने किया। शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। अतिथियों ने हेमा मालिनी के जीवन और उनकी फिल्मों पर प्रकाश डाला। संगीत निशा में भाग्यश्री चुनेकर, अलका कोथलेकर, दिलीप शर्मा, रजनी नागर, सुचित्रा पंडित ने जब अपना गीत 'ओ बाबुल प्यारे की शुरुआत की तो उनकी सुरीली आवाज ने पूरे हाल को गुंजा दिया। सभी दर्शक श्रोता मंत्र मुग्ध हुए और गीत पूर्ण होने पर खड़े होकर तालियां बजाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संगीत प्रेमियों ने इस मधुर संगीत निशा का खूब आनंद लिया। ध्रुव तारा परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। आभार गौरव गडकरी ने व्यक्त किया।

### कलेक्टर ने नवीन घाटों का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 के अंतर्गत निर्माणरत नवीन स्नान घाटों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने सर्वप्रथम नागदा बायपास रोड भैरवगढ़ के समीप निर्माणाधीन घाट का निरीक्षण किया। जानकारी दी गई की यहां रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। घाट निर्माण 1.2 किलोमीटर के क्षेत्र में किया जा रहा है। कलेक्टरने साइट पर सिमेंट मिक्सिंग के दौरान वाईबरेटर का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके पश्चात अंगारेश्वर के पास निर्माणाधीन घाट का स्थल निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्यो में फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट, निर्माणकर्ता एंजेंसी के अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### दिव्यांगता परीक्षण शिविर का आयोजन किया

**उज्जैन।** शुक्रवार को सामाजिक न्याय विभाग उज्जैन के जिला दिव्यांग पुनर्वास टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से दिव्यांगता परीक्षण शिविर का आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र आगर रोड़ में किया गया। इस शिविर में 36 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से बौद्धिक दिव्यांगता, ऑटिज़्म, अस्थि बाधिता आदि अवस्था की पहचान की गई। साथ ही 18 से अधिक आयुवर्ग के 10 हितग्राहियों का पंजीयन कर प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय सोलंकी ने जानकारी दी कि 24 अक्टूबर शुक्रवार को जनपद पंचायत बड़नगर, 30 अक्टूबर गुरूवार को माकडौन के पीएम श्री शासकीय रविंद्र उमावि, सोमवार 03 नवम्बर को उन्हैल के शासकीय बालक उमावि, गुरुवार 6 नवम्बर को तराना के शासकीय कन्या उमावि में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# महाकाल की नगरी में गूंजा स्वदेशी का नारा, नगर निगम ने भी पर्ची काटने से किया किनारा

## विधायक कालूहेड़ा ने रेहड़ी वालों से खरीदी सामग्री, महापौर ने बाजार का किया दौरा, लोकल फॉर वोकल को मिला समर्थन

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में स्वदेशी अपनाओ का अभियान चलाया गया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में दीपावली पर्व का ऐसा उत्साह है छोटे रेहडी वालों से लेकर ठेले वाले गुमटी वाले, फटाका व्यापारी, पूजन सामग्री बेचने वालों तक से जनप्रतिनिधियों ने चर्चा की व लोकल फ़ॉर वोकल को लेकर अपना समर्थन दिया।**

महाकाल की नगरी में इस बार स्वदेशी और लोकल उत्पादों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने स्वयं आगे आकर छोटे व्यापारियों और रेहड़ी वालों से पूजा पाठ की सामग्री खरीदी और उन्हें लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

महापौर मुकेश टटवाल ने इस बार की दीपावली को छोटे व्यापारियों के लिए टैक्स फ्री कर दिया है। जिससे उनमें हर्षोल्लास का माहौल है। दीपावली के आगमन से धार्मिक राजधानी उज्जैन के बाजारों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है। फ्रीगंज, टॉवर चौक, और अन्य प्रमुख बाजारों में इन दिनों ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नगर निगम इस बार महापौर मुकेश टटवाल के आदेश पर पर्ची नहीं काटेगी इस बात की खुशी भी व्यापारियों में है। छोटे दुकानदार और रेहड़ी वाले सड़कों के किनारे दीपावली की पूजन सामग्री, रंग-बिरंगी लाइटें, मिट्टी के दीपक, सजावटी सामान और पारंपरिक मिठाइयां बेच रहे हैं। इन छोटे-छोटे स्टॉल्स पर खासकर हाथ से बने मिट्टी के दीयों और स्वदेशी सजावटी वस्तुओं की खूब मांग है, जो आत्मनिर्भर भारत और लोकल फ़ॉर वोकल के अभियान को मजबूत कर रही है। कुल मिलाकर दीपावली के मध्य नजर पूरा बाजार गुलजार हो चुका है। उज्जैन में हर त्योहार की शुरुआत बाबा महाकालेश्वर के दरबार से होती है, और इस बार भी दीपावली का पर्व महाकाल मंदिर में सबसे पहले मनाया जाएगा। महाकाल मंदिर में दीपावली पर्व की शुरुआत फुलझड़ी जलाकर और भगवान महाकाल को अन्नकूट का भोग लगाकर की जाती है। जिसके बाद ही पूरे शहर में दीपावली का उत्सव शुरू होता है। महाकाल के आशीर्वाद से उज्जैन में दीपावली का त्योहार पारंपरिक उल्लास और स्वदेशी के संकल्प के साथ मनाया जाएगा।



### छोटे व्यापारियों से खरीदी सामग्री, कारीगरों को विधायक का समर्थन

शुक्रवार को उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा नगर निगम परिसर में लगी उन दुकानों पर पहुंचे, जो दीपावली पर्व के मद्देनजर पूजन सामग्री का विक्रय कर रही हैं। विधायक ने न सिर्फ इन छोटे दुकानदारों से सामग्री खरीदी। बल्कि मौके पर मौजूद अन्य स्थानीय नागरिकों से भी चर्चा कर उन्हें स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया। विधायक का यह कदम छोटे और स्थानीय कारीगरों के प्रति उनके समर्थन को दर्शाता है। इससे पहले, बीते मंगलवार को भी विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने प्रजापति समाज के लोगों से चर्चा की थी और दीपावली पर विक्रय के लिए बनाए जा रहे मिट्टी के दीपक स्वयं अपने हाथों से बनाकर उनका उत्साहवर्धन किया था। जहां विधायक स्वदेशी की अलख जगा रहे हैं7 वहीं नगर निगम ने भी छोटे दुकानदारों को बड़ी राहत दी है। उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल भी फ्रीगंज क्षेत्र के बाजार में पहुंचे और घोषणा की कि इस दीपावली पर्व पर जितने भी छोटे दुकानदार और ठेले वाले हैं, उनसे नगर निगम द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# डॉक्टरों की कार को आयशर ने मारी टक्कर, 1 की मौत

## इंदौर जाते समय हुई दुर्घटना, तीन गंभीर रूप से हुए घायल

**उज्जैन। इंदौर रोड पर शुक्रवार सुबह युवा डॉक्टरों की कार को पीछे से आई तेज रफ्तार आयशर ने टक्कर मार दी। डॉक्टर कार खराब होने पर धक्का लगाकर साइड में करने का प्रयास कर रहे थे। दुर्घटना के बाद चालक आयशर लेकर मौके से भाग निकला। एक डॉक्टर की मौत हुई है तीन गंभीर रूप से घायल है।**



जबलपुर में डॉक्टरी कर रहा हर्ष पिता कुंजीलाल परमार 24 वर्ष अपने साथी डॉक्टर अमन पिता विनोद तिवारी निवासी मुरैना, कार्तिक पिता राधे, आशीष पिता अशोक निवासी ग्वालियर के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। चारों ने उज्जैन से ही डॉक्टरी की पढ़ाई की थी। गुरुवार को महाकाल दर्शन करने के बाद सभी वसंत विहार में हर्ष की बहन के यहां रुके थे। शुक्रवार सुबह चारों कार से इंदौर जा रहे थे। रामवासा के समीप कार खराब होने पर सभी धक्का लगाने के लिए नीचे उतरे और कार को सड़क किनारे करने का प्रयास करने लगे। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आई आयशर ने टक्कर मार दी। चालक आयशर लेकर भाग निकला। डॉक्टर घायल हो गए थे जिन्हें लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया। उसके तीनों साथियों को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। दुर्घटना की जानकारी लगते ही उज्जैन में रहने वाली हर्ष की बहन और परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए थे। घायलों के परिजनों को भी सूचना दी गई है जो उज्जैन के लिए रवाना हो चुके थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है परिजन शव अंतिम संस्कार के लिए गया पैतृक गांव ले गये हैं।

### बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** नाबालिग बालिका से चार माह पहले दुष्कर्म करने और धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार के लिया है। बालिका की तबीयत बिगड़ने पर मामले का खुलासा हुआ। 13 अक्टूबर को तराना की रहने वाली बालिका को तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों की परीक्षण के बाद नाबालिग के गर्भवती होने का पता चलते ही अस्पताल की ओर से पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। जीवाजीगंज से एसआई जुबेदा शेख निजी अस्पताल पहुचीं जहा एक नाबालिग उपचाररत अवस्था में मिली। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी बहन के साथ ग्राम बरखेड़ा के जंगल में बकरिया चराने जाती थी, जहां गांव का ही पंकज पिता गोकुल अपनी भैंस चराने आता था। पिछले चार-पांच महीनों से उक्त आरोपी द्वारा जंगल में पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ कई बार अनैतिक कृत्य किए गया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर डराया-धमकाता रहा। एसआई शेख ने मामले में जीरो पर प्रकरण दर्ज किया और जांच के लिए तराना था पुलिस को भेजा। जहां पुलिस ने अपराध क्रमांक 546/25, धारा 64(1), 64 (2) (एम), 65(1), 296, 351(3) भारतीय न्याय संहिता के साथ पास्को एक्ट की धारा 3, 4 (2), 5 (जे) (ii), 5 (द्य), 6 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी तराना रामनारायण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी से पूछताछ की गई है तथा पीड़िता के कथन एवं चिकित्सीय परीक्षण कराए गए हैं। आरोपी से घटना से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य प्राप्त कर विवेचना में लिया गया है। फिलहाल आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### गांव वालों ने बकरी चोर पर लात-घूंसों से किया हमला, दो हुए मौके से फरार

**उज्जैन। घर के बरामदे में रस्सी से बंधी बकरी को खोलकर चुरा रहे बदमाश को गांव वालों ने पकड़ लिया उसकी जमकर लात घुसो और डंडों से पिटाई की गई जिसमें वह घायल हो गया। उसके दो साथी कार से भाग निकले। घायल बदमाश का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।**

पानबिहार में रहने वाले महेश चौधरी के घर के बाहर बरामदे में बंधी बकरी को कार से आये 3 बदमाश चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। एक बदमाश बकरी के खूंटे से बंधी रस्सी को खोल रहा था। तभी बकरी मालिक और गांव वालों ने उसे देख लिया और घेराबंदी कर पकड़ लिया उसके दो साथी कार में सवार होकर भाग निकले। पकड़ाये बकरी चोर को ग्रामीणों ने बुरी तरह लात घुसे और डंडों से पीटा जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया उसके सिर और हाथ में गहरी चोट लगी, जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और बदमाश को गांव वालों से छुड़ाकर उपचार के लिए चरक भवन लेकर आई। जिसका अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है और उसके दो साथियों की जानकारी जुटा जा रही है।

### पड़ोसी मां-बेटे ने महिला को डंडे से पीटा

**उज्जैन।** झगड़ा देखकर हंस रहे पड़ोसी को रोकना महिला को भारी पड़ गया। पड़ोसी मां बेटे ने महिला की डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। शांति नगर में रहने वाली राजकुमार ही 45 वर्ष अपने पति बृज किशोर प्रजापत से घर के बाहर झगड़ा कर रही थी दोनों को लड़ाई करता देख पड़ोस में रहने वाली आरती हंस रही थी। पति-पत्नी का झगड़ा देख हंस रही आरती को राजकुमारी ने रोकने का प्रयास किया और विवाद करने लगी दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई की आरती ने अपने बेटे देवेंद्र के साथ मिलकर राजकुमारी की डंडों से पिटाई कर दी जिसमें वह घायल हो गई। पत्नी के साथ मारपीट होती देख पाती बचाने भी नहीं आया। कुछ लोगों ने बीच बचाव किया और घायल हुई राजकुमारी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को अस्पताल की ओर से मिली तो राजकुमारी के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची।




**मंदिर में सफाई** — गर्भगृह में सबसे बड़े पर्व के लिए तीन दिनों से चल रही सफाई

# महाकाल के चांदी के रूद्र यंत्र, दीवारों को चमकाने आए दिल्ली से

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** दिवाली से पहले दिल्ली से महाकाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित चांदी के रुद्र यंत्र और चांदी की दीवारों को चमकाने के लिए सुशील शर्मा व उनकी टीम उज्जैन आई हुई है। सफाई का काम शुक्रवार को भी दिनभर जारी रहा।

शर्मा व उनकी टीम के लोगों के साथ मंदिर समिति के कर्मचारी गर्भगृह में चांदी की जलाधारी से लेकर चांदी के दरवाजे आदि की सफाई कर इन्हें भी चमकाने में जुटे है। नंदी हॉल के दरवाजों के साथ ही नंदी जी की प्रतिमा को भी चमकाया जाएगा। हर साल दिवाली से पहले मंदिर समिति यह सफाई कराती है। 20 अक्टूबर को दीपावली से पहले सब चमचमाते नजर आएंगे। मंदिर परिसर में रंग-रोगन और साज-सज्जा के साथ ही शिखर पर रंगीन लाइटिंग भी कर दी गई है। समिति साल में शिवरात्रि, श्रावण मास और दीपावली जैसे बड़े पर्व पर चांदी की दीवारों, रुद्र यंत्रों और दरवाजों की सफाई और पॉलिश करवाती है। भगवान महाकाल के एक से बढ़कर एक भक्त है। इसका एक उदाहरण दिल्ली के शर्मा है। ये उज्जैन आकर हमेशा अपनी पूरी टीम के साथ भगवान महाकाल की निस्वार्थ भावना से सेवा करते हैं।

महाकाल मंदिर में आज शनिवार को शनि प्रदोष व धनतेरस के संयोग के साथ दीपावली पर्व का शुभारंभ हो जाएगा। सुबह मंदिर के पुरोहित गण गर्भगृह व नंदी हॉल में धनतेरस की परंपरागत रूप से पूजन करेंगे। इस पूजन में मंदिर के सभी 22 पुरोहित व उनके प्रतिनिधि शामिल होते हैं। पुरोहित समिति के अध्यक्ष पंडित लोकेंद्र व्यास, सचिव दीपक शर्मा ने बताया कि मंदिर में होने वाले धनतेरस के पूजन में कलेक्टर, मंदिर प्रशासक सहित प्रशासन के अधिकारियों व मंदिर समिति के अधिकारियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है। इधर महाकाल मंदिर का एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसे देखने के बाद हर कोई आश्चर्य में पड़ जाएगा कि ऐसा कैसे हो सकता है। इस वीडियो में कार्टून कैरेक्टर डोरेमॉन को महाकाल मंदिर के अंदर गर्भगृह के बाहर तक जाते दिखाया गया है। साथ ही जो सुरक्षा गार्ड उसे रोक रहा है वह जूते पहनकर खड़ा है। साथ ही वीडियो में मंदिर के बाहर 250 रुपए का पास बेचता डोरेमॉन के साथ एक युवक दिख रहा है। महाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था का मखौल उड़ाते हुए बनाए गए इस फर्जी एआई वीडियो से मंदिर की छवि धूमिल हो रही है। पुजारियों में भी नाराजगी है। वीडियो में डोरेमॉन को 250 रुपए का पास खरीदने के बाद उसे गर्भगृह के बाहर तक जाकर दर्शन करते हुए दिखाया है। मामले में मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि यह वीडियो मंदिर की छवि खराब करने वाला है।